# अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने निवेश को किया यीडा क्षेत्र का दौरा



जापान के प्रतिनिधमंडल के साथ बैठक करते मुख्य सचिव ●सौ. इंटरनेट मीडिया

जासं, ग्रेटर नोएडा : अमेरिकन सिटी विकसित करने को अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को यमुना प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आस पास औद्योगिक व अन्य सेक्टरों को निरीक्षण किया। आधारभूत ढांचे की जानकारी ली। प्राधिकरण अधिकारियों ने भविष्य में विकसित होने वाले परियोजनाओं के अलावा आवंटन नीति व मिलने वाले रियायतों की जानकारी दी। यमुना प्राधिकरण अमेरिका की ब्लू स्काई वैंटेज कंपनी को संस्थागत श्रेणी में सौ एकड़ जमीन आवंटन के लिए सैद्धांतिक सहमति दे चुका है। इसके साथ ही अमेरिकन सिटी बसाने की योजना भी है। औद्योगिक से लेकर आवासीय, वाणिज्यक गतिविधि होंगी। इसके लिए 1200 एकड़ जमीन मांगी गई है। इसके मद्देनजर अमेरिका का प्रतिनिधि मंडल बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा पहुंचा। प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया व अन्य अधिकारियों ने उन्हें नोएडा एयरपोर्ट व सेक्टरों का निरीक्षण कराने के साथ वहां प्रस्तावित परियोजनाओं की जानकारी दी। एयरपोर्ट के नजदीक मल्टीपरपज लैंड यूज सेक्टर में अमेरिका को सिटी बसाने के लिए जमीन दी जा सकती है। अधिकारियों के मुताबिक प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने प्राधिकरण क्षेत्र में कनेक्टिविटी व सेक्टरों में आधारभूत सुविधाओं की सराहना की। भविष्य में कनेक्टिविटी की परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी ली। यीडा क्षेत्र में जापानी सिटी बसाने के प्रयास भी जल्द फलीभूत होंगे। जापान के लिए प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को लखनऊ में प्रदेश में मख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से मुलाकात की। प्राधिकरण के सेक्टर पांच ए में 395 हेक्टेयर में जापानी सिटी बसाने की योजना है।